Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:30 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 270 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

काजल और विश्वक सेन की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### अवैध गैस रिफिलिंग में एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** भोटियापड़ाव चौकी पुलिस ने एक व्यक्ति को गैस की रिफिलिंग करते हुए गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 इलैक्ट्रानिक कांटा आदि बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। भोटियापड़ाव चौकी पुलिस ने नैनीताल रोड में सौरभ होटल के पास एक व्यक्ति को टैंपो में गैस रिफिलिंग करते हुए धर दबोचा। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम भरत पुत्र छोटे लाल निवासी वैलेजलली लॉज बताया। पकड़ा गया आरोपी टैंपो वाहनों में अपने घर से ही गैस की अवैध रूप से रिफिलिंग करता है। आरोपी के खिलाफ घरेलू गैस सिलेण्डर से अवैध रुप से रिफलिंग, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### यात्रीगण ध्यान दें: गर्मी को देखते हुए छह समर स्पेशल ट्रेनें शुरू

**देहरादून।** ट्रेन संख्या 04309 गोरखपुर से देहरादून का संचालन 24 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को होगा। रेलवे ने गर्मी के मद्देनजर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए छह समर स्पेशल ट्रेन चलाई हैं। रेलवे मुरादाबाद मंडल की ओर से जारी सूचना के अनुसार, समर स्पेशल ट्रेन संख्या 04310 देहरादून से गोरखपुर का संचालन 23 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को होगा। जबकि, ट्रेन संख्या 04309 गोरखपुर से देहरादून का संचालन 24 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को होगा। ट्रेन संख्या 04312 देहरादून से हावड़ा का संचालन 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक बृहस्पतिवार, ट्रेन संख्या 04311 हावड़ा से देहरादून का संचालन, ट्रेन संख्या 04314 देहरादून से मुजफ्फरपुर का संचालन प्रत्येक शुक्रवार को और ट्रेन संख्या 04313 मुजफ्फरपुर से देहरादून का संचालन प्रत्येक शनिवार को होगा।

# एम्स का दीक्षांत समारोह आज, राष्ट्रपति मुर्मू टॉपरों को देंगी मेडल

देहरादून
हमारे संवाददाता

एम्स का दीक्षांत समारोह आज, राष्ट्रपति मुर्मू आज एम्स के दीक्षांत समारोह में टॉपर छात्र-छात्राओं को मेडल देंगी। वहीं शाम को वह परमार्थ गंगा आरती में शामिल होंगी। एम्स का चौथा दीक्षांत समारोह आज होगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों टॉपर छात्र-छात्रों को मेडल दिए जाएंगे। दीक्षांत के बाद राष्ट्रपति परमार्थ निकेतन की गंगा आरती में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर देहरादून, पौड़ी और टिहरी जिला प्रशासन अलर्ट है। मंगलवार को एम्स के चौथे दीक्षांत में मुख्य



अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, विशिष्ट अतिथि राज्यपाल ले. जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह और नीति आयोग भारत सरकार के सदस्य डॉ. विनोद के पाल मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू टॉपर छात्र-छात्राओं को पदक वितरित करेंगी।

दीक्षांत समारोह में 14 स्वर्ण पदक सहित कुल 16 पदक दिए जाएंगे। कुल 598 छात्र-छात्राओं को उपाधि वितरित की जाएगी। सोमवार को एम्स ऑडिटोरियम में निदेशक प्रो. मीनू सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

### कार्यक्रम के लिए यातायात प्लान जारी

आज राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एम्स के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद स्वर्गाश्रम स्थित परमार्थ निकेतन की गंगा आरती में प्रतिभाग करेंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए सोमवार को एसएसपी पौड़ी के निर्देश पर थाना लक्ष्मणझूला पुलिस ने परमार्थ गंगा घाट का निरीक्षण किया। साथ ही राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन, राष्ट्रपति के आवागमन में सुगमता और आमजन की सुविधा के लिए यातायात प्लान जारी किया है। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि मंगलवार को आम जनता के लिए परमार्थ गंगा घाट प्रतिबंधित रहेगा। शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक गरुडचट्टी से पशुलोक बैराज मार्ग जीरो जोन रहेगा। वहीं जानकी झूला और रामझूला झूला पुल के बीच परमार्थ निकेतन आरती स्थल तक आने वाला मार्ग आम नागरिकों के लिए प्रतिबंधित रहेगा। आम नागरिक मुनि की रेती स्थित शत्रुघन घाट, ओमकारानंद घाट सहित अन्य गंगा आरती स्थल में शामिल हो सकेंगें।

बजरंग बली की जय के साथ राजस्थान में कांग्रेस पर वार

# मंगलसूत्र और हनुमान चालीसा के बहाने कांग्रेस पर बरस मोदी

नई दिल्ली
एजेंसी

राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर प्रचार के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हनुमान जयंती पर बजरंग बली की जय के साथ भाषण शुरू किया। फिर उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाने साधे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान फिर कांग्रेस के खिलाफ बरसे। हनुमान जयंती पर उन्होंने भाषण की शुरुआत ही बजरंग बली की जय के साथ की। फिर कर्नाटक का एक किस्सा भी सुनाया। आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार में हनुमान चालीसा सुन रहे व्यापारी को पीट-पीटकर लहुलूहान कर दिया गया। इनके राज में तो हनुमान चालीसा सुनना भी गुनाह हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में हनुमान से लेकर मुस्लिमों को अधिकार देने की बात की। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को



लेकर घेरा। फिर कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को भी नहीं बख्शा। उन्होंने कहा कि मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे गदा देकर बजरंग बली की जय करने का अवसर दे दिया। मुझे शूरवीरों की धरती सवाई माधोपुर आने का मौका मिला। चुनाव के दिन है, एक-एक दिन में दो-तीन राज्यों में जाना होता है। यहां समय में थोड़ा परिवर्तन करना पड़ा। मुझे लगता है कि मेरी सभा के बाद भी यहां लोग आते रहेंगे। मैं इनमें उत्साह देख रहा हूं। उसमें एक मजबूत भारत के लिए आशीर्वाद है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2011 में कांग्रेस ने एससी-एसटी को मिला अधिकार छीनकर मुस्लिमों को देने का प्रयास किया। कांग्रेस ने संविधान की परवाह नहीं की, बाबा साहब अंबेडकर की परवाह नहीं की। जब कर्नाटक में बीजेपी की सरकार बनी तो पहला काम किया कि धार्मिक आधार पर आरक्षण खत्म कर दिया। कांग्रेस और इंडी अलायंस जब सत्ता में थे तो ये लोग दलितों और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करते और वोट बैंक पॉलिटिक्स के लिए उनकी खास जमात को आरक्षण देना चाहते थे।

# कपड़े के गोदाम में लगी भीषण आग

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर के नैनीताल रोड स्थित अंबिका विहार में स्थित एक कपड़े के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग से पूरा गोदाम जलकर खाक हो गया है। हालांकि सूचना पर पहुंचे दमकल वाहन ने आग पर काबू पा लिया लेकिन तक तक सारा सामान आग की भेंट चढ़ चुका था।

बताया जा रहा है कि गोदाम के स्वामी किसी काम से गुजरात गए हुए हैं। जानकारी के अनुसार हेमंत साह का अंबिका विहार में तारा इंटरप्राइजेज के नाम से प्रतिष्ठान है। प्रतिष्ठान तीसरे मंजिल पर है जबकि जबकि वह नीचे वाले माले में रहते हैं। हेमंत गुजरात गए हुए हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार की दोपहर तीसरे माले पर स्थित गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग भड़की तो लोगों ने दमकल वाहन को इसकी सूचना दी। सूचना पर दमकल वाहन भी मौके पर पहुंच गया लेकिन रास्ता संकरा होने की वजह से वाहन को मौके पर पहुंचने में विलंब हो गया।

बताया जा रहा है कि गोदाम में एक सिलेंडर भी रखा हुआ था जिसे लोगों ने जान पर खेल कर निकाल लिया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं काफी प्रयास के बाद दमकल वाहन ने आग पर काबू पा लिया। अग्निकांड से कितना नुकसान हुआ है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रतिष्ठान स्वामी के यहां पहुंचने पर ही नुकसान के बारे में सही जानकारी मिल पाएगी। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।





# पिथौरागढ़ में फिर हादसा स्कूल बस पलटी, बच्चे घायल

पिथौरागढ़
हमारे संवाददाता

बेरीनाग में एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो बच्चे घायल हैं जिनका सीएचसी में उपचार किया जा रहा है।

पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग के चौकोड़ी में एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में दो बच्चे घायल हैं जिनका सीएचसी में उपचार किया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह हिमालया इंटर कालेज चौकोड़ी के बच्चे और शिक्षक बस से स्कूल जा रहे थे।

रास्ते में गिरे बिजली के तार को हटाने के लिए जब चालक बस को



रोककर उतरा तभी बस एकाएक ढलान पर अपने आप चली और खाई में पलटने के बाद चीड़ के पेड़ से टकराकर रुक गई। इस दुर्घटना में 10वीं कक्षा के छात्र लक्षित पंत और 12वीं कक्षा की छात्रा बिनीता बोहरा घायल हो गई। इसके बाद दोनों घायल बच्चों को सीएचसी बेड़ीनाग पहुंचाया गया। जहां पर दोनों का उपचार किया जा रहा है।

# गोनिया व मेहरा को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार





**हल्द्वानी।** एकता फाउंडेशन सामाजिक संगठन नागपुर, महाराष्ट्र की ओर से शहर के समाजसेवी हेमंत गोनिया व पर्यावरण प्रेमी भूपेंद्र मेहरा को महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इधर गोनिया व मेहरा की इस उपलब्धि पर तमाम लोगों ने हर्ष जताया है। हर्ष जताने वालों में इंजीनियर दिनेश सिंह, गीता पांडे, कविता बिष्ट, मंजू जोशी, सुनीता त्रिपाठी, नीलम पांडे, प्रताप बिष्ट, अजय गुप्ता, मनीष पाल, मनोज अग्रवाल, विजय गुप्ता, आशीष शर्मा, दीपक शर्मा, वीरेंद्र सिंह टीटू शर्मा, गोपाल रावत, हीरा सिंह सांभा, अनिल संभल, महेश संभल आदि शामिल हैं।

# नौसेना के दो हेलीकॉप्टर क्रैश, 10 सदस्यों की मौत



कुआलालंपुर/नई दिल्ली
एजेंसी

हादसा तब हुआ, जब एक हेलीकॉप्टर का रोटर (पंखा) दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया और दोनों ही स्टेडियम के ग्राउंड में गिर गए।

मलयेशिया में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना हुई। यहां नौसेना के दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बताया गया है कि यह हेलीकॉप्टर रॉयल मलयेशिन नेवी के एक समारोह के लिए तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दोनों हवा में आपस में टकरा गए। इस घटना में हेलीकॉप्टर पर सवार 10 क्रू सदस्यों की मौत हो गई । मलयेशियाई नौसेना के मुताबिक, घटना लुमुत नौसैन्य बेस पर सुबह करीब 9.30 बजे हुई। दुर्घटना के बाद सभी मृतकों के शव को लुमुत आर्मी बेस अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी पहचान के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ, जब एक हेलीकॉप्टर का रोटर (पंखा) दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया और दोनों ही स्टेडियम के ग्राउंड में गिर गए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# पृथ्वी दिवस पर शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल तथा आस पास के शिक्षण संस्थानों में सोमवार को पृथ्वी दिवस के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



जिला विज्ञान क्लब नैनीताल की पहल पर इन्नोवेटिव इको क्लब के मार्गदर्शन में पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कॉलेज हल्दूचौड़ में पृथ्वी दिवस पर रचनात्मक प्रयासों के साथ अभिप्रेरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पृथ्वी दिवस पर स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें काजल यादव ने प्रथम तथा प्रियांशु दिगारी ने द्वितीय एवं प्रतीक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि मानसी रावत एवं कुनाल जोशी के स्लोगन ने सांत्वना पुरूस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर अटल इन्नोवेशन मिशन के तहत एटीएल कम्यूनिटी डे के प्रतिभागी बाल वैज्ञानिकों हेमंत राजपूत तथा सुरुचि कपिल को नवाचारों हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विज्ञान क्लब नैनीताल के सचिव एवं पर्यावरण मित्र के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित शिक्षक डॉ. हिमांशु पांडे द्वारा करते हुए छोटे छोटे प्रयासों से बड़े परिवर्तन में योगदान का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित गोष्ठी में बाल सखा प्रकोष्ठ के समन्वयक भुवन चन्द्र मठपाल ने संबोधित करते हुए बाल वैज्ञानिको के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए इस प्रकार के आयोजनों से सीखते हुएजिम्मेदार नागरिक बनने पर बल दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शिक्षकों बसंत बल्लभ ओली, राजेश कुमार पांडे, आईटी विशेषज्ञ गिरीश चंद्र शर्मा द्वारा योगदान दिया गया। विद्यार्थियों के प्रतिनिधि के रूप में गर्ल कैप्टन वैशाली जोशी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं धरती माता को बचाने का संकल्प लिया।

दूसरी ओर कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर स्थित वनस्पति विज्ञान विभाग में पृथ्वी दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस. बर्गली रहे। प्रो. बर्गाली ने विद्यार्थियों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने की सलाह दी और बताया कि धरती माता हमारे लिए कितनी महत्वपूर्ण है और हमें अपने पर्यावरण का किस प्रकार ध्यान रखना चाहिए।इस वर्ष की थीम प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक है। प्रो. बर्गली ने बताया कि प्लास्टिक पृथ्वी के लिए कितना खतरनाक है और इसे नष्ट होने में 400 साल से अधिक लगते हैं और हमें प्लास्टिक का उपयोग कैसे कम करना चाहिए इससे वन्य जीवन को भी नुकसान होता है और वनस्पति विज्ञान के छात्र के रूप में पर्यावरण की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय निदेशक प्रो. ललित तिवारी ने बताया कि कैसे धरती माता इतनी निस्वार्थ है और हम सभी का भार वहन करती है, आज जनसंख्या 7 अरब हैं और निकट भविष्य में यह संख्या बढ़ेगी और साथ ही समस्या भी बढ़ेगी इसलिए अगर हमें जीना है तो हमें पृथ्वी का ख्याल रखना होगा उन्होंने बताया कि हमारे पर्यावरण की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हमें पृथ्वी का संरक्षण करना चाहिए और सतत विकास पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। सभी प्राध्यापकों और छात्रों ने मिल कर फ ेिएनक्स डाक्टयलीफेरा (खजूर) का पौधा लगाया।

ऑल सेंट्स कॉलेज में अर्थ डे मनाया गया। अमेरिकन फील्ड सर्विस इंडिया संस्था के अंतर्गत जीएसवाईडी कम्युनिटी सर्विस के ज्वाइन दी ग्रीन फु रप्रिंट्स इनिशिएटिवश् के तत्वाधान में और प्रधानाचार्या किरन जरमाया के मार्गदर्शन में पृथ्वी के संरक्षण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए अर्थ डे मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा 2 से 6 तक के बच्चों ने पृथ्वी और पर्यावरण के प्रदूषण के दुष्प्रभावों के साथ साथ इसके समाधान पर पोस्टरों के माध्यम से चर्चा की। कार्यक्रम में बच्चों ने ग्रीन हाउस गैसों की संद्रता बढने से ग्लोबल वार्मिंग और अपने स्तर पर इसके उपायों पर प्रकाश डाला। प्रदूषण के साथ साथ बायोडायवर्सिटी और इसकी महत्ता पर भी बच्चों ने पोस्टर बनाए और साथ ही अवर अर्थ और रिस्पॉन्सिबीलिटीश् स्लोगन से इस पृथ्वी के संरक्षण में हर एक मानव से जिम्मेदारी के साथ अपने कार्बन फुटप्रिंट कम करने का एहवान किया।साथ ही सभी बच्चों ने थिंक ग्लोबल एंड एक्ट लोकली नारे से पर्यावरण का संरक्षण करने की शपथ ली। इसके साथ ही बच्चों को अर्थ डे वर्ष 2024 की थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक से भी बच्चों को अवगत कराया गया। नैनीताल एक ओर जहां सोमवार को पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को हर दृष्टि से संरक्षित रखने का संकल्प लिया गया वहीं दूसरी ओर नैनीताल के समीपवर्ती जंगल दिनभर धू-धू कर आग की चपेट में आते रहे। नगर के समीपवर्ती बजून तथा खुर्पाताल के जंगल में लगी आग ने मॉस गार्डन तक को चपेट में ले लिया। नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कालेज के सेवानिवृत जीव विज्ञान प्रवक्ता व प्रकृति प्रेमी कमलेश पांडे ने मामले पर गहरी चिंता जतायी, कहा कि जंगलों को आग से बचाने के लिए सामूहिक पहल की सख्त जरुरत है।



## मल्लीताल में स्ट्रीट लाइट चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मल्लीताल क्षेत्र में एक कमरे का ताला तोडक़र चोर 6 स्ट्रीट लाइट ले उड़े। वादी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चोरी की स्ट्रीट लाईट भी बरामद कर ली गयी है। आरोपितों को न्यायालय पेश कार्यालय ने तीनों अभियुक्तों को बीते रोज सोमवार को जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूल रूप से हरिद्वार निवासी मोहम्मद सलमान का ठंडी रोड क्षेत्र में लाईट लगाने का कार्य चल रहा है। जिसके लिए उसने सामान रखने के लिए मल्लीताल बड़ा बाजार में गोदाम बनाया गया है। बीते 8 अप्रैल (सोमवार) को उसके गोदाम के कमरे में लगा ताला टूटा मिला। भीतर स्ट्रीट लाइट गायब मिली। उनकी तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया साथी पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई। पुलिस टीम में कांस्टेबल मनोज द्वारा मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पंगोट क्षेत्र से तीन आरोपित हरीश राम निवासी स्टाफ हाउस मल्लीताल समेत संजय बिष्ट निवासी सूखाताल तथा अभिषेक गंगोला निवासी महरोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पास से चोरी की स्ट्रीट लाइट भी बरामद हो गई। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि तीनों आरोपितों को न्यायालय पेश करने की तैयारी की जा रही है।

## राष्ट्रपति की फ्लीट रिहर्सल के दौरान हादसा, वाहनों से टकराई सरकारी गाड़ी

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रपति दौरे को लेकर चल रही फुल फ्लीट रिहर्सल के दौरान हादसा हो गया। तीन वाहनों से टकराई सरकारी गाड़ी का एक्सएल टूट गया।

राष्ट्रपति दौरे को लेकर चल रही फुल फ्लीट रिहर्सल के दौरान एक कार तीन गाड़ियों से टकरा गई। हालांकि हादसे में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। सोमवार शाम को न्यू कैंट रोड पर ये हादसा हुआ। इंस्पेक्टर डालनवाला राकेश गुसाईं ने बताया कि दुर्घटना में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को देहरादून आ रही हैं। उनके दौरे से पहले सोमवार शाम को पुलिस ने फुल फ्लीट रिहर्सल किया। फ्लीट ऋषिकेश से राजभवन की ओर जा रही थी। दिलाराम चौक से न्यू कैंट रोड पर जाते वक्त फ्लीट में शामिल पुलिस की गाड़ी का एक्सल टूटने टायर निकल गया। एक्सल टूटने के बाद टायर निकल गया। इससे बेकाबू हुई कार सड़क की गलत दिशा में पहुंच गई और सामने से आ रही तीन कारों से टकरा गई।

## उत्तराखंड के इतिहासकार यशवंत सिंह कठोच को मिला पद्मश्री

डॉ. कठोच पौड़ी जनपद के एकेश्वर विकासखंड स्थित मांसों गांव के मूल निवासी हैं। उन्होंने 1974 में आगरा विवि से प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति तथा पुरातत्व विषय में विवि में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तराखंड के प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. यशवंत सिंह कठोच को आज पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने 33 वर्षों तक शिक्षक के रूप में सेवाएं दी हैं। साथ ही इतिहास एवं पुरातत्व के क्षेत्र में लंबे समय से योगदान दे रहे हैं।

डॉ. कठोच पौड़ी जनपद के एकेश्वर विकासखंड स्थित मांसों गांव के मूल निवासी हैं। उन्होंने 1974 में आगरा विवि से प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति तथा पुरातत्व विषय में विवि में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्ष 1978 में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के गढ़वाल हिमालय के पुरातत्व पर शोध ग्रंथ प्रस्तुत किया और विवि ने उन्हें डीफिल की उपाधि से नवाजा। एक शिक्षक के रूप में उन्होंने 33 साल सेवाएं दीं। वर्ष 1995 में वह प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए।

## NEWS / फटाफट

### नैनीताल में अपना रंग दिखाने लगी गमी

**नैनीताल।** मैदानी क्षेत्रों की तर्ज पर ही नैनीताल में इन दिनों गर्मी अपना रंग दिखाने लगी है जिसकी वजह से नगर के कई क्षेत्रों में अभी से पेयजल संकट होने लगा है। नगर के चीना हाउस कम्पाउंड, बालमोलर कम्पाउंड तथा सैनिक स्कूल समेत सात नम्बर, तारा हाल, जू क्षेत्र तथा स्टोनले कंपाउंड आदि क्षेत्रों में पानी की लगातार समस्या बढती जा रही है तथा जनता लगातार जल संस्थान आफिस मे चक्कर लगाते लगाते परेशान हो चुकी है, प्रभावित जनता का आरोप है कि नगर के बडे बडे होटलो में जमकर पानी की आपूर्ति की जा रही है लेकिन जनता को पानी से मुक्त रखा जा रहा है यह कहां का न्याय है?

### सीजेएम कोर्ट ने बनभूलपुरा पुलिस से जवाब मांगा



**नैनीताल ।** हल्द्वानी का चर्चित दंगे में फईम की मौत के मामले में नैनीताल के सीजेएम कोर्ट ने बनभूलपुरा पुलिस से जवाब मांगा है। बता दें कि मृतक के भाई परवेज उर्फ बबलू निवासी लाइन नंबर 16 गांधीनगर बनभूलपुरा (हल्द्वानी) ने सीजेएम कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र दायर कर फ ईम की मौत के मामले में कहा है कि उसकी मृत्यु दंगाइयों की गोली से नहीं हुई है। उसकी मौत उसके पड़ोसी संजय सोनकर और उसके पुत्र सत्या सोनकर ने गोली मारकर की है। दंगा के दिन 8 फ रवरी (गुरुवार) को संजय सोनकर तथा उसका पुत्र सत्य सोनकर और अन्य लोग उसके घर के पास खड़े वाहनों को आग लगा रहे थे। उसका भाई फ ईम उस वक्त घर में था और जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे गोली मार दी, उसे तत्काल कृष्णा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। यही नहीं आरोपियों ने उसके घर में घुस कर तोड़ फोड़ और परिजनों के साथ दुर्व्यवहार भी किया। इसकी शिकायत बनभूलपुरा पुलिस और मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी लेकिन पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। वादी के अधिवक्ता अहरार बेग के अनुसार सीजेएम कोर्ट ने इस प्रकरण में बनभूलपूरा पुलिस से जवाब मांगा है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

## लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला ने किया सैनिक स्कूल घोड़ाखाल का दौरा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला ( वाईएसएम, जीओसी, यूपी एरिया और एलबीए के अध्यक्ष ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल का सोमवार को दौरा किया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया और कैडेट्स द्वारा एक शानदार बैंड प्रदर्शन किया गया।



बता दें कि स्कूल के नवीनीकृत भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला का उद्घाटन करने के बाद एलबीए के अध्यक्ष ने एलबी बैठक का आयोजन किया। बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न गणमान्य जन उपस्थित थे। स्कूल ने अपनी विभिन्न उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया और स्कूल के सुधार के लिए बिंदुओं को प्रस्तुत किया। चेयरमैनए एलबीए ने संस्थान के कर्मचारियों तथा प्रशासनिक कर्मचारियों और कैडेट्स के साथ समय बिताया। उन्होंने अपने विचार साझा किए और कैडेट्स से उनके लक्ष्य की दिशा में ध्यान केंद्रित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में कैडेट्स को सर्वोत्तम अधिकारी बनने की शिक्षा दी जाती हैं इसलिए कैडेट्स को इन संसाधनों को महत्व देना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका पर जोर दिया और उनके महत्व को समझाया। चेयरमैन एलबीए ने स्कूल के शैक्षिक उत्कृष्टता तथा चरित्र निर्माण और सहकारी गतिविधियों के प्रति समर्थन के प्रयासों की सराहना की। चेयरमैन एलबीए को स्कूल का यादगार स्मारक प्रदान किया गया।

## आचार संहिता लगने के बाद नगर पालिका परिषद के काम रुके, परेशानियां बढ़ी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आचार संहिता लगने के बाद से नैनीताल नगर पालिका परिषद के बहुत से काम रुक गए हैं। इतना ही नहीं पालिका कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि शासन से अनुमति न मिलने के कारण नैनीताल डीएसए पार्किंग का टेंडर तथा भवाली में लगने वाला कूड़ा रिसाइकल प्लांट का टेंडर और डोर टू डोर का टेंडर रुका हुआ है। पालिका की ओर से टेंडरों को लेकर पूरी तैयारी है लेकिन पालिका को शासन से इन टेंडरों को जारी करने की अनुमति नहीं मिल रही है।जिससे पालिका के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा है, वही पालिका कर्मचारियों को वेतन ना मिलने के कारण पालिका कर्मचारी भी परेशान हैं। पालिका कर्मचारियों का वेतन डीएसए पार्किंग टेंडर के भरोसे पर है। डीएसए पार्किंग का टेंडर नहीं होने के कारण पालिका ही डीएसए पार्किंग का संचालन कर रही है जिससे पालिका में कर्मचारी की भी कमी हो रही है। वहीं गर्मी के मौसम के दौरान सरोवर नगरी में पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ रही है।अगर डोर टू डोर का टेंडर भी समय से नहीं हुआ तो शहर में गन्दगी बढने का खतरा भी बना हुआ है। मामले में पालिका अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद का कहना है कि शासन से अनुमति न मिलने के कारण पालिका के बहुत से कार्य लंबित हैं जिसके कारण पालिका कर्मचारियों को भी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है। बोले अगर पालिका के समय से सभी कार्यों की अनुमति मिल जाएगी तो कर्मचारियों और लोगों की समस्याओं को दूर कर दिया जाएगा।

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## पिस रही जनता

***ऊर्जा निगम द्वारा बिजली बर्बाद करने का खुलासा होने के बाद भी नौकरशाही पर कोई असर नहीं हो रहा है। हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट, सोलर पॉवर प्रोजेक्ट से मिलने वाली बिजली के लिए पॉवर सप्लाई ग्रिड नेटवर्क तैयार नहीं किया जा सका है। प्रोजेक्ट से जितनी बिजली मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल पा रही है। सुरिंगगाड़ प्रोजेक्ट के लिए नेटवर्क तैयार नहीं होने से 2021 से ही बिजली का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। घनसाली वैली में भी 33 केवी लाइन ओवरलोडेड है। हर साल करोड़ों रुपये की सोलर और हाइड्रो प्लांट की बिजली बर्बाद हो रही है। पॉवर प्रोजेक्ट के निवेशकों को नुकसान हो रहा है। विडम्बना यह है कि ऊर्जा निगम हर साल ऑपरेशन एंड मेटीनेंस के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च दिखाता है।***

दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बिना किसी पूर्वाग्रह के मनन-चिंतन करें तो एक तस्वीर साफ हो जाती है कि शासन व प्रशासन की अव्यवस्था और नाकामी में जनता ही पिसती है। चाहे किसी भी पार्टी का शासन हो महंगाई की मार आम आदमी पर पड़ती है। बिजली संकट का रोना आम बात है। जब मन में आता है बिजली महंगी कर दी जाती है। कहने को लोकतंत्र है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। जनविरोधी नीति के विरोध में आवाज उठाने और प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन कुछ वर्षों से आंदोलन को कुचल दिया जाता है। एक तरह से तानाशाही का माहौल है। बड़े उद्योगों को कथित तौर पर नौकरशाही का संरक्षण प्राप्त है। मध्यम वर्ग के घरेलू उपभोक्ता के लिए बिजली लगातार महंगी की जा रही है और ऊर्जा निगम अपने अनुचित कामों पर पर्दा डालने के लिए घरेलू उपभोक्ता को बिजली चोर साबित करने का षडयंत्र करता है। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर ऊर्जा प्रदेश कहकर देवभूमि के लोगों को सस्ती और निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति का दावा किया गया था। हालत इस कदर बदतर हो गई है कि उत्तराखंड को खुले बाजार से बिजली खरीदनी पड़ रही है। अपनी जरूरत के लिए भी बिजली का उत्पादन नहीं हो रहा है। ऊर्जा निगम द्वारा बिजली बर्बाद करने का खुलासा होने के बाद भी नौकरशाही पर कोई असर नहीं हो रहा है। हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट, सोलर पॉवर प्रोजेक्ट से मिलने वाली बिजली के लिए पॉवर सप्लाई ग्रिड नेटवर्क तैयार नहीं किया जा सका है। प्रोजेक्ट से जितनी बिजली मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल पा रही है। सुरिंगगाड़ प्रोजेक्ट के लिए नेटवर्क तैयार नहीं होने से 2021 से ही बिजली का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। घनसाली वैली में भी 33 केवी लाइन ओवरलोडेड है। हर साल करोड़ों रुपये की सोलर और हाइड्रो प्लांट की बिजली बर्बाद हो रही है। पॉवर प्रोजेक्ट के निवेशकों को नुकसान हो रहा है। विडम्बना यह है कि ऊर्जा निगम हर साल ऑपरेशन एंड मेटीनेंस के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च दिखाता है। वर्ष 2023-24 में यूपीसीएल ने 374 करोड़ रुपये मेटीनेंस पर खर्च दर्शाया। इस खर्च पर सवाल उठना लाजिमी है। वैसे तो ऊर्जा संकट हमेशा बना रहता है। ग्रीष्मकाल में तापमान बढ़ने और बिजली कटौती से लोग बेहाल होते हैं, इसी बीच बिजली की महंगाई भी पसीना निकालती है। लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए उत्तराखंड सरकार को केन्द्र से तीन माह के लिए अतिरिक्त बिजली दी जायेगी। इसका बोझ भी उपभोक्ता पर दर बढ़ाकर डाला जायेगा। वर्षा ऋतु में नदियों में सिल्ट आने से हाइड्रो प्रोजेक्ट काम नहीं कर सकेंगे। जब अधिक बिजली उत्पादन होता है तो उसे ग्रिड नेटवर्क की खामी से सप्लाई नहीं किया जाता है। ऊर्जा निगम के पूरे सिस्टम में झोल है।

# आफत: आग से धधक रहे नैनीताल के जंगल

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड के नैनीताल में बढ़ती गर्मी के साथ जंगलों में आग का कहर भी बढ़ता जा रहा है। जिससे वन संपदा आग में स्वाहा हो रही है। वहीं, आग का धुंआ नैनीताल से लगी घाटी में फैला हुआ है जिससे कि लोगों की आंखों में जलन हो रही है।

नैनीताल में बढ़ती गर्मी के साथ जंगलों में आग का कहर बढ़ता जा रहा है जिससे कि अमूल्य वन संपदा आग में स्वाहा हो रही है। वहीं बड़े पैमाने पर लगी आग का धुंआ नैनीताल से लगी घाटी में फैला हुआ है जिससे कि आंखों में जलन और विभाग के संसाधन भी आग के आगे लाचार नजर आ रहे हैं। नैनीताल वन विभाग मनोरा रेंज में चरता, वीरभट्टी, भुजियाघाट, चोपड़ा, दोगांव, रिया, बेलूवाखान, बल्दियाखान, ताकुला से सटे हुए इलाकों में कई स्थानों पर बीते दिनों से आग लगी हुई है। जिसका धुंआ पूरे इलाके में फैला हुआ है। अधिकांश वन क्षेत्र में चीड़ की पत्तियां % पिरुल% और लंबे समय से बारिश न होने से सुखी झाड़ियां आदि से आग बेकाबू होकर फैल रही है।हालांकि विभाग द्वारा आग को नियंत्रित करने के लिए कई दल लगा रखे है, लेकिन आग के कहर के आगे सब निष्फल हो रहे है।

पिथौरागढ़ जिले में वनाग्नि की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। पारा जैसे-जैसे चढ़ता जा रहा है जंगलों के धधकने की गति भी उसी तेजी से बढ़ रही है। इस सीजन में अब तक 89.5 हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ चुके हैं।

## आग से अल्मोड़ा-रानीखेत हाईवे पर लगा जाम

**अल्मोड़ा।** घिंघारीखाल के जंगल में लगी आग अल्मोड़ा-रानीखेत हाईवे तक पहुंच गई। ऐसे में आग और धुएं के चलते इस हाईवे पर वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी और यहां लंबा जाम लगा रहा। घिंघारीखाली के पास जंगल में रविवार देर शाम आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। बेकाबू आग अल्मोड़ा-रानीखेत हाईवे तक पहुंच गई। हाईवे किनारे उठती आग की लपटों और दूर-दूर तक फैल चुके घने धुएं के चलते इसमें वाहनों का संचालन रोकना पड़ा। धुएं से सड़क का दिखना बंद हो गया तो वाहन चालकों ने वाहनों के ब्रेक खींच लिए। ऐसे में यहां लंबा जाम लग गया और यात्रियों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ी।सूचना के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

## मतगणना तक अर्द्धसैनिक बल और पुलिस अभिरक्षा में रहेंगी ईवीएम

**रुद्रपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 प्रक्रिया अन्तर्गत शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने के पश्चात समस्त ईवीएम एवं वीवीपीएटी व अन्य अभिलेखों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार नवीन मण्डी स्थल बगवाड़ा, रूद्रपुर में स्थापित स्ट्रांग रूम में रखा गया है, जो आगामी 4 जून, मतगणना दिवस तक अर्द्धसैनिक बलों व पुलिस अभिरक्षा में रहेंगी। उन्होंने कहा कि सभी सील्डयुक्त ईवीएम स्ट्रांग रूम में पूर्णत सीसीटीवी व सुरक्षा बलों की निगरानी में है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम में नियमित एवं प्रभावी अनुश्रवण हेतु स्ट्रांग रूमों की निगरानी के लिए चक्रवार की 8-8 घंटे की निगरानी के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की गयी है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नामित अधिकारी निर्धारित तिथि व समयानुसार, स्थापित स्ट्रांग रूम के कन्ट्रोल रूम में अपनी उपस्थिति बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे तथा प्रतिस्थानी आने तक यथावत् बने रहेंगे।

# दादी से लेकर पोते तक गरीबी हटाओ का नारा देकर जनता की आंख में धूल झोंक रहे कांग्रेसी:सीएम योगी

**लखनऊ**

**एजेंसी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमलावर होते हुए कहा कि दादी से लेकर पोते तक गरीबी हटाओ का नारा देकर देश की जनता की आंख में धूल झोंकते रहे। अब जनता इन लोगों पर भरोसा नहीं करेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर आशीर्वाद देगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 1977 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन जनता को शौचालय और आवास तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाईं।

दादी से लेकर पोते तक अब फिर से वही नारा देकर जनता की आंख में धूल झोंका जा रहा है। इस बार जनता को उनके बहकावे में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक राज किया लेकिन देश के 50 करोड़ लोगों के पास बैंक अकाउंट तक नहीं थे। करोड़ों लोगों को इलाज के लिए सुविधाएं नहीं मिल पाती थीं। अगर करोड़ों गरीबों को मुश्किल जिंदगी गुजारनी पड़ी है तो इसके लिए कांग्रेस जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश में पाालिटिक्स आफ परफार्मेंस की शुरुआत हुई। गरीबों को बिना किसी भेदभाव के राशन और सुविधाएं मिलनी शुरू हुईं। गरीब जनता को गैस सिलेंडर के कनेक्शन दिए गए। बिजली के कनेक्शन दिए गए और देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया गया। ये सब डबल इंजन की सरकार में संभव हो पाया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में जब यूपी में भाजपा की सरकार बनी तो पाया गया कि प्रदेश में 30 लाख से ज्यादा फेक राशन कार्ड थे। इसकी जांच अभी भी चल रही है। सपा सरकार में गरीबों का राशन सपा नेता और इनके द्वारा पोषित माफिया खा जाते थे।

प्रधानमंत्री मोदी के शासन में जनता को अब राशन मिल रहा है। प्रदेश में 80 हजार से ज्यादा राशन की दुकानों पर ईपॉस मशीनें लगाई गई हैं। राशन की डोर स्टेप डिलीवरी हो रही है। ये पॉलिटिक्स आफ परफार्मेंस का असर है।

# फिल्मी दुनिया

## काजल और विश्वक सेन की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भिड़ने के लिए हैं तैयार






*काजल अग्रवाल की फिल्म सत्यभामा के टीजर ने दर्शकों के उत्साह को काफी बढ़ा दिया है। काजल के फैंस उन्हें एक अलग अवतार में पर्दे पर देखने के लिए बेताब हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जिस दिन सत्यभामा रिलीज होगी उसी दिन विश्वक सेन की फिल्म गैंग्स ऑफ गोदावरी भी रिलीज होगी। साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री काजल अग्रवाल इन दिनों सुर्खियां बटोर रही हैं। जल्द ही अभिनेत्री की 60वीं फिल्म सत्यभामा रिलीज होने वाली है। काजल अग्रवाल के फैंस उनकी आगामी फिल्म के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो काजल अग्रवाल की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर विश्वक सेन की फिल्म से टकराने वाली है।*

*साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काजल अग्रवाल को जनता की रानी के नाम से भी जाना जाता है। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाल करती हैं। वे साउथ फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दे चुकी हैं। पिछले दिनों उनकी फिल्म सत्यभामा के टीजर को रिलीज किया गया। दर्शकों में अभी से ही इस फिल्म के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं काजल अग्रवाल भी अपनी आगामी फिल्म के लिए काफी उत्साहित नजर आ रही हैं।*

### विश्वक सेन की फिल्म से टकराएगी सत्यभामा

*काजल अग्रवाल की फिल्म सत्यभामा के टीजर ने दर्शकों के उत्साह को काफी बढ़ा दिया है। काजल के फैंस उन्हें एक अलग अवतार में पर्दे पर देखने के लिए बेताब हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जिस दिन सत्यभामा रिलीज होगी उसी दिन विश्वक सेन की फिल्म गैंग्स ऑफ गोदावरी भी रिलीज होगी।*

# लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा आगामी 5 मई (रविवार) को नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कॉलेज में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मामले में क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौढियाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिविर से सफल आयोजन के लिए जीवंती भट्ट को संयोजक जबकि डॉ. पल्लवी राय तथा कविता गंगोला और प्रेमा अधिकारी को सह-संयोजक नियुक्त किया गया।

क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि इस बार क्लब द्वारा साई हॉस्पिटल हल्द्वानी के सहयोग से विशाल निन्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हल्द्वानी से कार्डियोलॉजिस्ट प्रमोद जोशी तथा न्यूरो सर्जन चारू वर्मा, ऑर्थोपेडिक मोहन सती समेत अलका सती, फि जिशियन मुकेश जोशी और फिजियोथैरेपिस्ट नवीन लोहनी इस शिविर में में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए 94107 49602 एवं 6396179410 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौढियाल ने बताया की स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो जाएगा और शाम को तीन बजे तक चलेगा। उन्होंने नगर की जनता से अधिक से अधिक संख्या में निन्शुल्क शिविर में भाग लेने का आह्वान किया। शिविर को सफल बनाने में हेमा भट्ट, रानी शाह, अमिता शाह, सीमा सेठ, तनु सिंह, कविता त्रिपाठी, डा.प्रगति जैन, विनीता पांडे, आभा शाह , नीरू शाह, मधुमिता, रमा भट्ट, दीपिका बिनवाल, रेखा पंत, संगीता श्रीवास्तव, तनप्रीत, सोनू शाह, तुसी शाह, मीनाक्षी कीर्ति, रमा तिवारी, रेखा त्रिवेदी, मंजू बिष्ट, गीता शाह, रेखा जोशी, अमिता शेरवानी, जया वर्मा तथा सविता कुलोरा, दया कुंवर तथा सरिता त्रिपाठी आदि सदस्य उपस्थित थी।

## News कॉर्नर

### बुजुर्ग महिला हुई लूट का शिकार

**हल्द्वानी।** एक उच्चके ने 90 वर्ष की बुजुर्ग महिला को डराधमकर कान के झुमके लूट लिए। परिजनों की ओर से मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोहरियासाल मल्ला में रहने वाले तनुज नैनवाल पुत्र रमेश चंद्र नैनवाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनकी 90 वर्षीय बुआ बसंती देवी ऊंचा पुल से कठघरिया साईं मंदिर की ओर किसी रिश्तेदार के यहां जा रही थी। फतेहपुर से पहले उनकी बुआ को कोई उच्चका सुनसान जगह पर ले जाकर उन्हें डरा धमका कर उनके कान के झूमके और मंगलसूत्र लूट लिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** मोहल्ले में आए दिन अराजकता फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसएसपी से शिकायत की गई है। फतेहपुर निवासी अनीस अहमद पुत्र लईक अहमद ने शिकायती पत्र में कहा है कि बीती 16 फरवरी को उसके घर के बाहर तीन लोग दरवाजे की घंटी बजाकर शोर मचा रहे थे। जब वह घर से बाहर आई तो उक्त लोग अभद्रता पर उतर आए और उसका मोबाइल छीन लिया। किसी तरह से उसने उक्त लोगों से अपना मोबाइल फोन वापस लिया। आरोप है कि उक्त लोग मोहल्ले में रहने वाले दूसरे लोगों को भी परेशान करते रहते हैं। इसकी शिकायत उसने मुखानी थाने में भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने दाऊ, सूरज व एक अन्य निवासी मल्ला फतेहपुर मुखानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# हनुमान मंदिरों में लगा भक्तों का तांता, बजरंगबली के जयकारों की गूंज

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर प्रदेश भर के हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हुए। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इस मौके पर बजरंगबली के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। मंगलवार 23 अप्रैल यानी आज हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। हर साल चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। राजधानी, नैनीताल समेत हल्द्वानी के मंदिरों में सुबह भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु



इकट्ठा हुए। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इस मौके पर बजरंगबली के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। मंगलवार को राजधानी दून में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। झाझरा के श्रीबालाजी धाम में सवा 11 मन का लड्डू बनाकर भोग लगाया जाएगा। इसके साथ ही यहां हनुमानजी को सोने का चोला चढ़ाया जाएगा। दून के श्रीपृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में हनुमानजी की पूजा की जाएगी।

### चालीसा और सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हिंदू नववर्ष के बाद अब हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भाजपा जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन करेगी। भाजपा ने मंगलवार को एक साथ ढाई सौ से अधिक मंडलों व बूथ पर हनुमान चालीसा का पाठ कराने का निर्णय लिया है। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर राजधानी में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, प्रभात फेरियां, शोभायात्राएं और इसी प्रकार के अनेक कार्यक्रमों आयोजित किए जाएंगे।

इसके अलावा मंदिर में विराजमान पंचमुखी सिंदुरिया हनुमानजी को चांदी का चोला चढ़ाया जाएगा। यहां हनुमान जी को 51 किलो तिरंगा लड्डू का भोग लगाया जाएगा। टपकेश्वर महादेव मंदिर में दक्षिणमुखी श्री हनुमान जी की 365 क्विंटल की आशीर्वाद मुद्रा वाली प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के संस्थापक आचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने बताया कि इस प्रतिमा को बनाने में एक साल का समय लगा। प्रतिमा के अंदर भोजपत्र में लिखे सवा लाख राम नाम भी समर्पित किए गए हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर इस 31 फीट की हनुमानजी की प्रतिमा का फूलों से अभिषेक किया जाएगा।

# हल्द्वानी में जल संकट डीएम वंदना ने दी चेतावनी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

डीएम वंदना सिंह ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में हो रही पेयजल किल्लत को गंभीरता से लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह शहर में पेयजल की मांग के अनुसार आपूर्ति का मूल्यांकन करें।

जिलाधिकारी वंदना सिंह ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में हो रही पेयजल किल्लत को गंभीरता से लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह शहर में पेयजल की मांग के अनुसार आपूर्ति का मूल्यांकन करें ताकि भविष्य की जरूरतों को पूरा किया जा सके और लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।



उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने और कंट्रोल रूम को 24 घंटे एक्टिव मोड पर रखने के निर्देश दिए।

कैंप कार्यालय में पेयजल अधिकारियों के साथ हुई बैठक में डीएम ने कहा कि बार-बार खराब होने वाले ट्यूबवेलों की सूची बनाते हुए उनकी तकनीकी समस्या को चिह्नित कर उसका स्थायी रूप से समाधान कराने के निर्देश दिए। कहा कि हल्द्वानी के जिन क्षेत्रों में दूषित पेयजल की आपूर्ति होने और डायरिया आदि की शिकायत आ रही है, वहां पानी के साथ-साथ संबंधित पेयजल लाइन की जांच कराई जाए।

# दबंग ने महिला को गाली गलौज करते हुए डंडों से बेरहमी से पीटा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रम्पुरा क्षेत्र निवासी एक महिला ने वही निवासी दबंग पर गाली गलौज कर रहा। विरोध करने पर छेड़छाड़ कर बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया। पीड़िता कार्रवाई की मांग को लेकर चौकी पहुंची और तहरीर दी ? जानकारी के मुताबिक वार्ड 23 रम्पुरा निवासी एक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सोमवार दोपहर को वहीं का निवासी दबंग गाली गलौज कर रहा। बताया कि उसने उससे गाली गलौज न करने को कहा।

आरोप है कि इसी दौरान उसने डंडों से पीटना शुरू कर दिया। वह घायल अवस्था में किसी तरह जान बचा कर पहुंची तो वह पीछा करते हुए घर में आ गया। आरोप है कि दबंग ने नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत की है। महिला के मुताबिक उक्त दबंग पर एनडीपीएस के कई मुकदमे दर्ज है।



**आरोप**

- घर में घुस नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ का आरोप
- कार्रवाई की मांग को लेकर चौकी पहुंची, रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई

नशे का भी कारोबारी और हिस्ट्रीशीटर है। महिला ने पुलिस को बताया कि पति को भी जान से मारने की थमकी दे रहा है। दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

# विवेक नगर निवासी युवक ने लावारिस घूम रहा बालक को थाने में पहुंचाया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक बालक को रोते हुए देख वहां पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। एक युवक उसे थाने लेकर पहुंचा।

बालक अपना नाम रोहित बता रहा है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर को विवेक नगर निवासी एक युवक 5 वर्ष का बालक को लेकर थाने पहुंचा। बताया कि बालक कालोनी में रो रहा था। उसे रोता देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। बालक को लेकर कालोनी में उसके मां बाप को तलाशते रहे। बाद में बालक को उक्त युवक थाने में लेकर पहुंचा। थाने के प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि बालक के परिजनों की तलाश की जा रही है।

### हीरानगर से बाइक चुराई

**हल्द्वानी।** शहर में ऑटो लिफ्टर फिर सक्रिय होने लगे हैं। चोरों ने हीरानगर क्षेत्र से एक बाइक चुरा ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत हीरा नगर चौकी में दर्ज कराई है। मो. रेहान पुत्र सारिक अहमद निवासी नानकार रैन विलासपुर ने चौकी में तहरीर दी है कि वह 26 मार्च को रोज की तरह अपनी बाइक से रानगर में वीनस टेलर की दुकान के पास खडी करके काम करने चला गया था। दिन में करीब एक बजे काम करके वापस आया तब मेरी गाडी वहां नही थी। उसने पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

# नगर निकायों में प्रशासकों का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाएगा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट में सरकार की ओर से महाधिवक्ता एस. एन. बाबुलकर ने पुन: कहा है कि नगर निकायों में प्रशासकों का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाएगा और पूर्व में निर्धारित समयावधि 6 माह के भीतर नगर निकाय की चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी ।महाधिवक्ता द्वारा दिए गए इस वक्तव्य के बाद हाईकोर्ट ने जसपुर निवासी मोहम्मद अनस व नैनीताल निवासी राजीव लोचन साह द्वारा दायर जनहित याचिकाएं निस्तारित कर दी हैं ।बता दें कि इन याचिकाओं में राज्य में निकायों में प्रशासक नियुक्त करने को चुनौती देते हुए शीघ्र निकाय चुनाव कराए जाने की मांग की गई थी ।

हाईकोर्ट के आदेश 9 जनवरी 2024 के अनुसार महाधिवक्ता एस.एन.बाबुलकर ने कहा था कि चुनाव प्रक्रिया 6 महीने के भीतर पूरी हो जाएगी और निकायों में नियुक्त प्रशासकों का कार्यकाल उत्तराखंड नगर पालिका अधिनियमए 1916 की धारा 10 ए(4) के तहत 6 महीने की अवधि से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा, इन याचिकाओं की 16 अप्रैल को मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति रितू बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई सुनवाई में महाधिवक्ता एस. एन. बाबुलकर ने फि र से सूचित किया है कि नगर निकायों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है और चुनाव समय के भीतर हो जाएंगे। महाधिवक्ता के इन वक्तव्यों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने दोनों जनहित याचिकाओं का निस्तारण कर दिया है ।

# राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष दिगारी के निधन पर शोक

**हल्द्वानी।** विकासखंड ओखलकांडा के जूनियर हाईस्कूल पुटपुडी में सहायक अध्यापक की पद पर कार्यरत शमशेर सिंह दिगारी के निधन पर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।

संघ के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार ने बताया कि बीते सोमवार को दिगारी छुट्टी के बाद घर लौट रहे थे कि हैडाखान के नजदीक पसौली में अचानक उनकी मोटरसाइकिल गिर जाने से उनका आकस्मिक निधन हो गया।

उन्हें पहले नैनीताल रोड और बाद में मुखानी स्थित निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक



संगठन से जुड़े शिक्षकों ने दिगारी के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। दिगारी संघ के ओखलकांडा ब्लाक अध्यक्ष भी थे।

शोक प्रकट करने वालों में संगठन की जिला अध्यक्ष नंदलाल, जिला मंत्री डिकर सिंह, कोषाध्यक्ष मदन मोहन सिंह बिष्ट, पूरन बिष्ट, महेन्द्र बिष्ट, गोपाल बिष्ट, हीरा बसानी, हरीश आर्य, हरीश वोली,राजेन्द्र बिष्ट, शकील अहमद, रेखा उप्रेती, अशीष बिष्ट, मनोज तिवारी आदि शामिल हैं।

# निर्विरोध पार्टी उम्मीदवार जीतने को 400 पार की शुभ शुरुआत

देहरादून

हमारे संवाददाता

भाजपा ने सूरत से निर्विरोध पार्टी उम्मीदवार जीतने को 400 पार की शुभ शुरुआत बताया है । साथ ही प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने दावा किया कि जिस तरह चुनाव परिणामों से पहले ही पार्टी का खाता खुला है, ठीक उसी तरह राज्य में कमल के आगे कई पंजों की जमानत जब्त होने वाली है ।

मीडिया में बयान जारी करते हुए जोशी ने गुजरात में सूरत सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध जीत पर खुशी जताई हैं । उन्होंने कहा, इतिहास में पहली बार किसी भाजपा उम्मीदवार का बिना चुनाव के लोकसभा पहुंचने का यह पहला मौका है ।जो देश में मोदी जी के तीसरी बार प्रचंड जीत का स्पष्ट




संकेत है ।

उन्होंने कहा, ठीक ऐसे ही मिलते जुलते आसार भाजपा के पक्ष में उत्तराखंड में भी नजर आ रहे हैं । जिस तरह का उत्साह और माहौल मतदाताओं के बीच मोदी जी को लेकर देखा गया और जिस तरह का फीड बैक कार्यकर्ताओं से प्राप्त हो रहा है ।उसको देखते हुए, एक से अधिक कांग्रेस उम्मीदवारों की जमानत जब्त होना तय है ।

उन्होंने कटाक्ष किया, जिस तरह प्रस्तावक के फर्जी हस्ताक्षर करने की बात सामने आने पर सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द हुआ। ठीक ऐसे ही फर्जी घोषणाएं और सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार कांग्रेस ने उत्तराखंड में किया है । जनता को न उनके दिल्ली के नेता नजर आए, न स्थानीय नेताओं की सभाओं में जनता नजर । और तो और उम्मीदवार भी पूरी तरह सोशल मीडिया के प्रचार पर निर्भर रहे, यही वजह है कि पोलिंग बूथों पर उनके कार्यकर्ता भी नजर नहीं आए । लेकिन जनता ने अपना जवाब ईवीएम में दर्ज कर दिया है, जो पांचों सीटों पर भाजपा की रिकॉर्ड मतों से जीत के रूप में 4 जून को सामने आ जाएगा।

**दावा**

- फर्जी घोषणा और प्रचार के दम पर मैदान पर उतरे कांग्रेसियों की जमानत जब्त होना तय है